मीरजापुर पुलिस

—प्रेस नोट—

दिनांकः15.03.2026

थाना को0कटरा पुलिस व जिला पूर्ति निरीक्षक की संयुक्त टीम द्वारा अवैध रूप से पिकअप में लादकर 750 लीटर डीजल का कालाबाजारी व मुनाफाखोरी करने वाले 02 अभियुक्त गिरफ्तार—

अपर्णा रजत कौशिक पुलिस अधीक्षक जनपद मीरजापुर द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान तथा अवैध रूप से पेट्रोलियम पदार्थों की तस्करी व बिक्री में संलिप्त अभियुक्तों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये है।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में आज दिनांकः 16.03.2026 को थाना को0कटरा पुलिस व जिला पूर्ति निरीक्षक की संयुक्त टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना को0कटरा क्षेत्रांतर्गत राबट्सगंज तिराहा के पास से पिकअप वाहन संख्या UP 63 BT 7372 सवार 02 अभियुक्तों 1. कमला शंकर गुप्ता पुत्र भगवती प्रसाद व 2. शुभम गुप्ता पुत्र कमलाशंकर गुप्ता निवासीगण घुरहुपट्टी जोगीयाबारी थाना को0देहात जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से उक्त पिकअप वाहन में अवैध रूप से भण्डारित 11 गैलन व 01 ड्रम में 750 लीटर डीजल बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना को0कटरा पर मु0अ0सं0- 65/2026 धारा 3/7 आवश्यक वस्तु अधिनियम पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्तों को मा0न्यायालय/जेल भेजा गया।

बरामदगी विवरण —

11 गैलन व 01 ड्रम में 750 लीटर डीजल बरामद

पिकअप वाहन संख्या UP 63 BT 7372

पंजीकृत अभियोग —

मु0अ0सं0- 65/2026 धारा 3/7 आवश्यक वस्तु अधिनियम थाना को0कटरा जनपद मीरजापुर।

गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम —

उप निरीक्षक राजकुमार पाण्डेय चौकी प्रभारी बरौधा कचार मय पुलिस टीम थाना को0कटरा जनपद मीरजापुर।

जिला पूर्ति निरीक्षक पुनित चौरसिया मय टीम।